an>

Title: Need to run Jodhpur-Delhi Express (Train No. 22481) on daily basis and extend it upto Haridwar in Uttarakhand.

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) : उपाध्यक्ष जी, राजस्थान के मारवाड़ एवं शेखावटी अंचल को दिल्ली एवं देश के अन्य भागों से जोड़ने के लिए जोधपुर-दिल्ली मेल गाड़ी नं. 22481 वाया मेड़ता रोड, डीडवाना, रतनगढ़, चुरू एवं रेवाड़ी चलती है। यह मेरे लोक सभा क्षेत्र के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण गाड़ी है। इस क्षेत्र ने भारत के बड़े-बड़े व्यापारिक घराने एवं देश की रक्षा के लिए जांबाज सैनिक दिए हैं। हर गांव में सैंकड़ों की संख्या में सैनिक एवं कस्बे के व्यापारी भारत के कोने-कोने में फैले हुए हैं। इन लोगों को अपने गंतव्य स्थानों पर आने जाने का एकमात्र उचित साधन यह मेल रेलगाड़ी है।

उक्त जोधपुर-दिल्ली मेल आमान परिवर्तन से पूर्व सप्ताह में सभी सातों दिन चलती थी। राजस्व की दृष्टि से यह बहुत ही लाभकारी गाड़ी मानी जाती थी। आमान परिवर्तन के बाद इस ट्रेन को सप्ताह में केवल दो दिन ही चलाया जाता है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस ट्रेन को सातों दिन चलाया जाए। उक्त ट्रेन दिन में दिल्ली में ही खड़ी रहती है, इसलिए इसको हरिद्वार तक बढ़ा दिया जाए। इस क्षेत्र के लोगों के लिए हरिद्वार का सीधा साधन हो जाएगा।

माननीय उपाध्यक्ष : श्री ए.टी.नाना पाटिल - उपस्थित नहीं।